आवश्यक

नगरपालिका उप चुनाव, 2023

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या - न.नि. 50-188/2022 - 14

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

प्रमंडलीय आयुक्त,
पटना, मगध (गया), सारण, तिरहुत (मुजफ्फरपुर), दरभंगा, कोशी (सहरसा) एवं पूर्णियाँ।

पटना, दिनांक - 3.1.24

विषय : नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 – प्रेक्षक की नियुक्ति के संबंध में।
प्रसंग : आयोग का पत्रांक 4256 दिनांक 15.12.2023

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 सम्पन्न कराये जाने के संबंध में संसूचित किया गया है। पंचायत उप निर्वाचन, 2023 के निमित्त **मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया पर नजर रखने हेतु भारत के संविधान के अधीन राज्य निर्वाचन आयोग को प्रदत्त प्लेनरी शक्ति (Plenary Power) तथा बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 452 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये आयोग द्वारा निर्वाचन प्रेक्षक नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।** उक्त सन्दर्भ में निर्वाचन प्रेक्षक की नियुक्ति हेतु **संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त को आयोग द्वारा प्राधिकृत किया गया है।**

2. प्रेक्षक के रूप में पदाधिकारी के पदस्थापन जिले एवं गृह जिला को छोड़कर अपने अधीन अन्य जिलों के वरीय पदाधिकारियों यथा - प्रमण्डलीय स्तरीय पदाधिकारी, जिला स्तर पर उप सचिव या वरीय तकनीकि पदाधिकारी स्तर के पदाधिकारियों को नियुक्त किया जा सकेगा। नियुक्त प्रेक्षक द्वारा मतदान एवं मतगणना कार्य तक का अनुश्रवण किया जाना है। प्रेक्षक अपने आगमन एवं प्रस्थान की सूचना विहित प्रपत्र में देंगे। मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया में परिलक्षित किसी गड़बड़ी को अविलम्ब जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)/प्रमंडलीय आयुक्त/राज्य निर्वाचन आयोग की दृष्टि में लायेंगे। **मतदान एवं मतगणना समाप्त हो जाने के पश्चात दो दिनों के अन्दर प्रेक्षक अपना अन्तिम प्रतिवेदन आयोग को उपलब्ध करायेंगे।** आयोग के प्रासंगिक पत्र के साथ-साथ प्रेक्षकों द्वारा किये जाने वाले कार्य से संबंधित 'प्रेक्षकों की मार्गदर्शिका' आयोग के वेबसाईट http://sec.bihar.gov.in/ पर उपलब्ध है, जिसे पत्र के साथ भी संलग्न किया गया है।

3. नियुक्त प्रेक्षक को उनके पद एवं वेतनमान के अनुरूप सरकार द्वारा अनुमान्य दर पर यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता देय होगा। प्रेक्षक द्वारा अग्रिम की माँग किये जाने पर उन्हें संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा ₹ 1000.00 (एक हजार) तक का अग्रिम दिया जा सकता है, जो उनके द्वारा प्रस्तुत यात्रा भत्ता विपत्र से समायोजित/सामंजित किया जायेगा। प्रेक्षक को यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता का भुगतान पंचायत उप निर्वाचन हेतु यात्रा भत्ता मद में प्राप्त आवंटन से किया जायेगा।

4. अनुरोध है कि प्रेक्षकों की नियुक्ति कर उनका नाम, पदनाम एवं मोबाईल संख्या संबंधी सूचना आयोग को **दिनांक 10.01.2024 तक** निश्चित रूप से उपलब्ध करा दिया जाये।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन,

05/01/24

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-188/2022 - 14 पटना, दिनांक - 3.1.24

प्रतिलिपि, आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

05/01/24

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-188/2022 - 14 पटना, दिनांक - 3.1.24

प्रतिलिपि, जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) **पटना, कैमूर, नालन्दा, गया, सारण, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधेपुरा एवं अररिया** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उनसे अनुरोध है कि संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा प्रतिनियुक्त निर्वाचन प्रेक्षकों को आयोग के पत्रांक 3647 दिनांक 06.09.2022 के आलोक में प्रेक्षकों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराया जाय एवं उन्हें 'प्रेक्षक की मार्गदर्शिका' हस्तगत कराना सुनिश्चित की जाय।

05/01/24

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-188/2022 - 14 पटना, दिनांक - 3.1.24

प्रतिलिपि, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/01/24

सचिव।

नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023
रिक्त पदों की विवरणी

क्र0सं0	जिला	नगरपालिका का नाम	रिक्ति की विवरण	वार्ड सं0
1	पटना	नगर पंचायत पालीगंज	वार्ड पार्षद	4
			वार्ड पार्षद	18
2	कैमूर	नगर पंचायत हाटा	वार्ड पार्षद	5
3	नालन्दा	नगर पंचायत अस्थावॉ	वार्ड पार्षद	1
		नगर पंचायत हरनौत	वार्ड पार्षद	17
4	गया	नगर पंचायत खिजरसराय	वार्ड पार्षद	11
5	सारण	नगर निगम, छपरा	मुख्य पार्षद	1—45 सम्पूर्ण नगर पालिका क्षेत्र
6	वैशाली	नगर परिषद महनार	वार्ड पार्षद	19
7	पूर्वी चम्पारण	नगर निगम मोतिहारी	वार्ड पार्षद	36
		नगर पंचायत मेहसी	वार्ड पार्षद	15
		नगर पंचायत पकड़ीदयाल	वार्ड पार्षद	1
8	पश्चिम चम्पारण	नगर परिषद, नगरकटियागंज	वार्ड पार्षद	12
9	सीतामढ़ी	नगर निगम सीतामढ़ी	वार्ड पार्षद	38
10	दरभंगा	नगर पंचायत, घनश्यामपुर	वार्ड पार्षद	8
11	मधेपुरा	नगर पंचायत आलमनगर	वार्ड पार्षद	1
		नगर परिषद उदाकिशुनगंज	वार्ड पार्षद	26
12	अररिया	नगर परिषद फरबिसगंज	वार्ड पार्षद	8

2.1.24